सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र

15-ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

विज्ञापन संख्या: सी.सी.आर.टी/11011/9/ 2023/02

विषय : सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली में निदेशक के 01 (एक) पद को भरने के संबंध में।

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), नई दिल्ली में सीसीआरटी के भर्ती नियमों के अनुसार, 7वें सीपीसी के वेतन स्तर - 12 (78,800-2,09,200 रुपये) में **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के साथ – साथ और पदोन्नति; ऐसा न होने पर सीधी भर्ती के आधार पर** निदेशक के पद के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं| रिक्त पद का विवरण इस प्रकार हैं:

क्रम संख्या	पद का नाम	पद की संख्या	आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक शैक्षिक योग्यता और आयु	अनुभव
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1.	**निदेशक**	01	**अनिवार्य:** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ललित कला या इतिहास या सांस्कृतिक मानव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री। **वांछनीय:** a. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ललित कला या इतिहास या सांस्कृतिक मानव विज्ञान या समाजशास्त्र या मानविकी (ह्यूमैनिटीज़) में डॉक्टरेट की डिग्री; b. अंग्रेजी से इतर विदेशी भाषाओं जैसे फ्रेंच, इतालवी, रूसी या जर्मन का ज्ञान; और c. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या डिग्री **आयु:** 50 वर्ष तक सीधी भर्ती के लिए। (सरकारी कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक की छूट) प्रतिनियुक्ति के मामले में 56 वर्ष तक। पदोन्नत व्यक्तियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं।	कला और संस्कृति में सेमिनार या सम्मेलन आयोजित करने और मूल्यांकन करने या पुस्तकों और पत्र - पत्रिकाओं के संपादन और प्रकाशन में 07 वर्ष का अनुभव; और सरकारी या अर्ध सरकारी संगठनों में वरिष्ठ स्तर पर प्रशासन संभालने का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव। **प्रतिनियुक्ति के लिए: (अल्पावधि अनुबंध सहित)** केंद्र/राज्यसरकार/केंद्रशासित प्रदेश /पीएसयू /विश्वविद्यालय / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/अर्ध सरकारी कार्यरत अधिकारी / स्वायत्त निकाय / सांबिधिक संगठनों में:- (क) I. मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद या II. वेतन स्तर - 11 (रु. 67,700 - 2,08,700) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में पांच साल की सेवा। (ख) ऊपर कॉलम 4 और 5 में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव धारक।

1. निर्धारित आवेदन प्रारूप सीसीआरटी वेबसाइट **https://ccrtindia.gov.in/** पर उपलब्ध है और इच्छुक/योग्य उम्मीदवार सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं।

2. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के मामले में आवेदन पिछले 5 वर्षों के एपीएआर, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और कैडर नियंत्रण प्राधिकारी प्रमाणपत्र के साथ उनके प्रधान नियोक्ता के माध्यम से अग्रेषित किया जाना चाहिए।

3. उम्मीदवार जांच में देरी से बचने के लिए निर्धारित तिथि पर आवेदन की अग्रिम प्रति सीसीआरटी में जमा कर सकते हैं और इसे अनंतिम माना जा सकता है।

4. विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन है। रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के लिए सप्ताह की अंतिम तिथि लागू होगी।

5. ईमेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस आशय के किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल सीसीआरटी की वेबसाइट पर डाला जाएगा।

उप-निदेशक (प्रशासन)
सीसीआरटी, नई दिल्ली